## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया सारंगढ़ के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने संयुक्त रूप से आज विधानसभा सारंगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 326 सोनबला, मतदान केन्द्र क्रमांक 324 दुलोपाली, मतदान केन्द्र क्रमांक 327 घोघरा, मतदान केन्द्र क्रमांक 341 परधियापाली का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने पेयजल, विद्युत, रैम्प, शौचालय एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया।

### बिना ई-वे बिल के सामान ट्रांसपोर्टिंग, 4 वाहन जप्त

सारंगढ़ (आरएनएस)। बिलासपुर मार्ग में शनिवार को सुबह करीब 9 बजे से 12 बजे तक जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने डेरा डालकर कर ट्रांसपोर्टिंग वाहनों की जांच की इस दौरान चार वाहनों से बिना जीएसटी वाले कच्ची बिल वाला लाखों रूपये के सामान के साथ सहायक आयुक्त कर विभाग ने चार गाड़ियों को जब्त किया है और जांच के लिए रायगढ़ ले गये हैं जहां वाहनों से सामान खाली कराकर विवेचना की जा रही है।

### एसईसीएल की बरौद कालरी में ओवर बर्डन घोटाले में दो बड़े अधिकारी निपटे

#### विजिलेंस टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए पकड़ी थी करोड़ों की गड़बड़ी

रायगढ़। एसईसीएल की बरौद कालरी में विजिलेंस टीम द्वारा छापामार कार्रवाई करते हुए ओवर बर्डन मामले में करोड़ो की गड़बडी पकडने के बाद अब इसमें शामिल अधिकारियों पर भी गाज गिरनी शुरू हो गई है। बरौद के एरिया मैनेजर उपेन्द्र कुमार और जिले के वरिष्ठ महाप्रबंधक राजेश कुमार का तबादला कर दिया गया है। साथ ही साथ इन दोनों अधिकारियों के खिलाफ जांच का प्रतिवेदन भी मुख्यालय भेजा गया है। चूंकि ओवर बर्डन मामले में अकेले बरौद कालरी के भीतर 3 करोड़ से भी अधिक की गड़बडी सामने आई थी। जिसने जिले के वरिष्ठ महाप्रबंधक तथा बरौद के एरिया मैनेजर की संलिप्तता साफ तौर पर पाई गई थी। इसके अलावा कुछ और अधिकारियों पर जल्द ही गाज गिर सकती है। यहां यह बताना लाजमी होगा कि लगभग 20 दिन पहले विजिलेंस टीम ने बरौद कालरी के भीतर ओवर बर्डन मामले में गड़बड़ी पकड़ी थी और इसके बाद इस मामले को दबाने का भी प्रयास किया गया था।

### ट्रकों को रोककर लूटपाट करने वाले दो युवक पुलिस के हत्थे चढ़े

रायगढ़। शहर के बाईपास सड़कों से जाने वाली गाडियों से लूटपाट करने वाले दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने हुलिये के आधार पर गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। कोतवाली टीआई ध्रुव कुमार मारकण्डेय ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि शहर के कोतरा रोड बाईपास से सर्किट हाउस बाईपास में ट्रक चालकों से लूटपाट करने वाले दो लोगों को मुखबिर की निशानदेही पर पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो दोनों युवकों ने अपना नाम रामा साहू, अमन निषाद बताया और दीपक साहू ट्रक ड्रायव्हर जो लाल मिट्टी लेकर 24 अटूबर को तिलगा स्थित मां मंगला क ंपनी से बिलासपुर लेकर जा रहा था तभी ट्रक को रोककर डरा धमका कर ड्रायव्हर से 7500 हजार रूपये और उसका ड्रायविंग लायसेंस लूटकर फरार हो गये थे। दोनों युवकों ने अपनी बाईक क्र. सीजी 13 एम 0990 से लूटपाट कर भागते थे। जिसमें सामने की ओर बाहुबली वाईजर लिखा हुआ है। दोनों के कब्जे से लूट की राशि से 7500 रूपये एक कड़ा, दो सोने की पालिश वाले दो चैन जप्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 392 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



# हल्की ठंड के साथ ही सुबह की सैर सुहानी हुई

## रात में तापमान में गिरावट के चलते धीरे-धीरे ठंड में हो रहा इजाफा

रायगढ़। (आरएनएस)। कार्तिक मास लगते ही रायगढ़ सहित प्रदेश में दिन एवं रात के तापमान में गिरावट दर्ज होना शुरु हो गई है। सुदुरवर्ति जिले जगदलपुर, अंबिकापुर, जशपुर, दंतेवाड़ा एवं कोरिया जिला सहित वनाच्छादित क्षेत्रों में रात के तापमान में गिरावट आने के कारण ठंड में इजाफा हो रहा है। वहीं मैदानी इलाकों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव एवं शहर में धीरे-धीरे तापमान में गिरावट आने से आने वाले दिनों में ठंड में इजाफा होगा।



रायगढ़ में हल्की ठंड पड़ते ही सुबह की सैर करने वाले अब शाल एवं हाफ स्वेटर में नजर आने लगे है। सुबह 5 बजे से ही बाग-बगीचों की सैर के लिए निकलने वाले रंग बिरंगे गरम कपड़ों में सुबह की सैर का आनंद लेते दिखाई दे रहे है। बगीचों में अन्य दिनों की तुलना में योग करने वालों की संख्या में भी वृध्दि दिखाई दे रही है। ज्ञातव्य है कि उत्तरी हवाओं के पहाड़ से छत्तीसढ़ प्रवेश करने पर ही अच्छी ठंड पड़ती है। इस साल वर्षा अच्छी हुई है। इसीलिए लोगों का अनुमान है कि काफी समय तक प्रदेशवासी ठंड का आनंद उठायेंगे।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में विजय को नोटिस जारी

### अनुमती अनुमती कार्यालय खोलने का मामला

रायगढ़। पूर्व विधायक विजय अग्रवाल को निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता उल्लंघन के मामले में नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। पूर्व विधायक बीजेपी से बगावत करके निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरे है और दो दिन पहले ही उन्होंने शहर के गौरीशंकर मंदिर चौक में अपना चुनाव संचालन के लिए कार्यालय का विधिवत उद्घाटन करवाया था। इसके बाद निर्वाचन आयोग को इस बात की शिकायत मिली थी कि बिना अनुमती विजय अग्रवाल ने चुनाव कार्यालय का न केवल उद्घाटन कर लिया है बल्कि वहां चुनाव गतिविधियां भी जोर शोर से चांलित की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज एक नोटिस के जरिए पूर्व विधायक विजय अग्रवाल से तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। जिसमें यह कहा गया है कि चुनाव कार्यालय खोलने से पहले नियमानुसार अनुमती नही ली गई जो कि घोर आचार संहिता का उल्लंघन के दायरे में आता है।

## छत्तीसगढ़ के इस जिले में मोबाइल से भरा पिकअप पकड़ाया

बिलासपुर। वाहन चेकिंग के दौरान कोनी पुलिस ने रायपुर से अंबिकापुर जा रही पिकअप की जांच किया। जिसमें भारी मात्रा में मोबाइल ले जाते हुए पिकअप चालक पकड़ा गया जिसके खिलाफ पुलिस ने 102 के तहत करवाई कर इस मामले की जांच में जुटी हुई है।




कोनी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर 1.40 में वह वाहन चेकिंग तुर्काडी में कर रही थी। इसी दौरान एक पिकअप क्रमांक सीजी 04 जेएच 2147 की जांच की गई जिसमें भारी मात्रा में मोबाइल थी।

पूछताछ में आरोपी दीपक कुमार बंजारे पिता स्वर्गीय संतानु बंजारे शंकर नगर खम्हारडी सतनाम चौक थाना मोवा रायपुर से अंबिकापुर मोबाइल पिकअप में ले जाना बताया। तब पुलिस ने पिकअप में भरी हुई 48 बोरी सील पैक 55 बॉक्स में माइक्रोमैक्स कंपनी की मोबाइल सेट जप्त कर पिकअप और चालक को थाना ले गई जहां पर वह 102 के तहत पुलिस ने कार्रवाई की है।

## बैंक अकाउंट में 3 अरब रुपये देखकर रिक्शाचालक बेहोश, पत्नी भी बीमार पड़ी

करांची। तीन सौ रुपये एक साल में बमुश्किल जुटाने वाले रिक्शा चालक के अकाउंट में तीन अरब रुपये होने की खबर ने उसे ऐसा झटका दिया कि वो बेहोश हो गया. जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में फंसने के डर से उसकी पत्नी भी बीमार हो गयी.



अगर आपके पास एक समय तीन सौ रुपये न हों और आपके बैंक अकाउंट में एकदम से तीन अरब रुपये आ जाएं तो आपकी प्रतिक्रिया क्या होगी. जी हां ये कोई मजाक नहीं बल्कि एक सच्ची घटना है जो पड़ोसी देश पाकिस्तान में घटी है. कराची में रिक्शा चलाने वाले रशीद को पूरे एक साल का वक्त लगा जब वो अपनी बेटी को एक पुरानी साइकिल दिलाने के लिए 300 रुपये इकट्ठा कर पाया था लेकिन जब वो अपने बैंक में पहुंचा तो अपने खाते में 3 अरब रुपये की होने की जानकारी मिलते ही सुन्न हो गया और इतना डर गया कि वहीं बेहोश हो गया. पाकिस्तान में मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा कड़ी कार्रवाई करने की बात सुनने के बाद रशीद को और ज्यादा डर सताने लगा.

## जवाहर नवोदय विद्यालय में ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर

रायगढ़। जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर रायगढ़ में सत्र 2019-20 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 6 अप्रैल 2019 को जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2018 निर्धारित है। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया




कि उक्त परीक्षा हेतु आवेदक जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत हो तथा उसकी जन्म तिथि 01 मई 2006 से 30 अप्रैल 2018 के मध्य होनी चाहिए। पात्र आवेदक संबंधित दस्तावेजों एवं निर्धारित प्रपत्र को पूर्णतः भरकर एवं प्रधानाध्यापक से प्रमाणित कराने के पश्चात समिति के वेबसाइट www. navodaya. gov. in एवं www. nvshq. org में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट में अवलोकन कर सकते है।

## मतदान तिथि से 48 घंटे पूर्व शराब दुकानें रहेगी बंद

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी ने आबकारी अधिनियम की उपधारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा निर्वाचन 2018 के समय मतदान समाप्ति के लिए नियत समय के 48 घंटे पूर्व से अर्थात 18 नवंबर 2018 को सायंकाल 5 बजे से 20 नवंबर 2018 के सायंकाल 5 बजे तक जिले के समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ)तथा विदेशी मदिरा (एफ.एल.-1 घघ, एफ.एल.-3होटल बार) दुकानें एवं भण्डारण भाण्डागार पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है।

कलेक्टर ने जिले के संबंधित अधिकारी को शुष्क अवधि में समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानों एवं भण्डारण भाण्डागारों को सील कर बंद करना एवं क्रय-विक्रय, मादक पदार्थों के अवैध रूप से विनिर्माण, परिवहन, आयात, निर्यात, संग्रहण, कब्जा के संबंध में प्रकरण कायम कर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए है।

### ज्ञानी शर्मा को ब्राम्हण महासंघ ने दी श्रद्धांजलि

रायगढ़। नगर के मंदिर चौक निवासी हंसमुख, मिलनसार, युवा लोकप्रिय, नगर निगम में एल्डरमेन रहे राजज्ञानी शर्मा के निधन पर गहन दुख व्यक्त करते हुए ब्राम्हण महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ओझा एवं ब्राम्हण महासंघ के जिलाध्यक्ष हरेराम तिवारी सहित समस्त विप्रजनों ने दिवंगत को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने परमेश्वर से प्रार्थना की है।




तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिग - न्यूज पेपर प्रिंटिग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931